THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Prices of some petroleum products were increased w.e.f. 16.9.1992 to partially reduce the increasing deficits of the oil industry.

(b) This is expected to cover the oil pool account deficit of Rs. 1850 crores in 1992-93;

(c) the over all direct impact on the W.P.I, is expected to be negligible.

करनाल तेल शोधक कारखाने की स्थापना

359. श्री महेन्द्र सिंह लाठर: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने करनाल में तेल शोधक कारखाना लगाने की स्वीकृति काफी पहले दे दी थी और इस के लिए आवश्यक भूमि अर्जित कर ली गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस कारखाने के लिए भूमि अर्जित करते समय वहां के भू-स्वामियों को यह आश्वासन दिया गया था कि प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी और यदि हां, तो सरकार ने इस आश्वासन को पूरा करने के लिए अभी तक क्या कार्रवाई की है;

(ग) उक्त तेल शोधक कारखाने का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है और इसके निर्माण के संबंध में अभी तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है और उस पर कितना व्यय किया जा चुका है; और

(घ) इस कारखाने के निर्माण की गति धीमी रहने के क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, हां। सरकार ने 7.10.92 को अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) सरकार के अनुमोदन की तारीख से 54 महीने के अंदर।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश के लिए डीजल के कोटे में वृद्धि करने का अनुरोध

360. श्री चौधरी हरमोहन सिंह: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने डीजल के कोटे में वृद्धि करने का अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश में डीजल की कितनी मांग थी और केन्द्र सरकार द्वारा कितनी मात्रा की आपूर्ति की गई?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) से (ग) डीजल का राज्यवार आबंटन नहीं किया जाता है। हाल ही में उत्तर प्रदेश राज्य में डीजल की मांग की पूर्ति की जा रही है।

Supply of gas for power project at Pipavav

361. SHRI VITHALBHAI M. PATEL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the proposal to supply gas for power project at Pipavav from Tapti gas field is pending since long;

(b) is so, what are the details thereof;

(c) what are the reasons for not clearing the request of the Gujarat Government to supply gas Pipavav power project; and

(d) whether it is also a fact that Government and the Oil and Natural Gas commission have committed to supply gas for the proposed gas-based project?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) to (b) The development plans to produce gas from the Tapti Gas Fields are yet to be finalised.